prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# CTET Exam

## Paper II

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

FGB-2016.

इस पुस्तिका में 64 मुद्रित पृष्ठ हैं।
This Booklet contains 64 printed pages.

# SKF16–II

परीक्षा पुस्तिका संख्या
Test Booklet No. 2010137

प्रश्न-पत्र—II / PAPER—II

## मुख्य परीक्षा पुस्तिका / MAIN TEST BOOKLET

परीक्षा पुस्तिका संकेत
Test Booklet Code

**M**

इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**

### *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :*

1. OMR उत्तर-पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्र निकाल कर पृष्ठ-1 एवं पृष्ठ-2 पर ध्यान से केवल काले/नीले बॉलपॉइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि 2½ घण्टे है एवं परीक्षा में 150 प्रश्न हैं। कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर-पत्र पर निशान लगाने के लिए केवल काले/नीले बॉलपॉइंट पेन का प्रयोग करें।
4. इस पुस्तिका का संकेत **M** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर-पत्र के पृष्ठ-2 पर छपे संकेत से मिलता है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर-पत्र संख्या मिलते हैं। अगर यह भिन्न हो, तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर-पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में पाँच भाग—I, II, III, IV और V हैं, जिनमें 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग–I | : बाल विकास और शिक्षा-शास्त्र | (प्रश्न सं॰ 1–30) |
| भाग–II | : गणित और विज्ञान | (प्रश्न सं॰ 31–90) |
| भाग–III | : सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान | (प्रश्न सं॰ 31–90) |
| भाग–IV | : भाषा–I (अंग्रेजी/हिन्दी) | (प्रश्न सं॰ 91–120) |
| भाग–V | : भाषा–II (अंग्रेजी/हिन्दी) | (प्रश्न सं॰ 121–150) |

6. परीक्षार्थियों को प्रश्न सं॰ 31 से 90 या तो भाग–II (गणित और विज्ञान) या भाग–III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं।
7. भाग–IV में भाषा–I के लिए 30 प्रश्न और भाग–V में भाषा–II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं। इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेजी व हिन्दी भाषा से सम्बन्धित प्रश्न दिए गए हैं। यदि भाषा–I और/या भाषा–II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेजी या हिन्दी के अलावा है/हैं, तो कृपया उस भाषा वाली परिशिष्ट परीक्षा पुस्तिका माँग लें। जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वे आवेदन पत्र/प्रवेश पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए।
8. परीक्षार्थी भाषा–II (भाग–V) के लिए उसी भाषा के प्रश्नों के उत्तर दें जो उनके द्वारा भाषा–I (भाग–IV) में चुनी भाषा से भिन्न हो।
9. रफ़ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें।
10. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है।

### *Instructions for Candidates :*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **Black/Blue** Ballpoint Pen only.
2. The test is of **2½ hour** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Black/Blue Ballpoint Pen only** for writing particulars on this page/marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **M**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **Five** Parts—I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carrying 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part-I | : Child Development and Pedagogy | (Q. Nos. 1–30) |
| Part-II | : Mathematics and Science | (Q. Nos. 31–90) |
| Part-III | : Social Studies/Social Science | (Q. Nos. 31–90) |
| Part-IV | : Language-I (English/Hindi) | (Q. Nos. 91–120) |
| Part-V | : Language-II (English/Hindi) | (Q. Nos. 121–150) |

6. Candidates have to do Question Nos. 31 to 90 **EITHER** from Part-II (Mathematics and Science) **OR** from Part-III (Social Studies/Social Science).
7. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi Language have been given. **In case the language(s) you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement Test Booklet that contains questions on that Language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form/Admit Card.**
8. **Candidates are required to attempt questions in Language-II (Part-V) in a language other than the one chosen as Language-I (Part-IV) from the list of languages.**
9. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
10. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) : ____________________
Name of the Candidate (in Capitals)

अनुक्रमांक (अंकों में) : ____________________
Roll Number (in figures)

(शब्दों में) : ____________________
(in words)

परीक्षा-केन्द्र (बड़े अक्षरों में) : ____________________
Centre of Examination (in Capitals)

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : ____________________
Candidate's Signature

निरीक्षक के हस्ताक्षर : ____________________
Invigilator's Signature

Facsimile Signature Stamp of Centre Superintendent ____________________

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

# PART—I / भाग—I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास और शिक्षा-शास्त्र

***Directions*** : Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

**1.** Which one of the following is a good example of 'scaffolding' (learning of a problem-solving task till the student is able to do it by herself)?

(1) Offering a reward for solving the problem quickly

(2) Telling her that she can do it by trying again and again

(3) Providing a half-solved example

(4) Telling her she cannot go home till she solves the problem

**2.** Your class has learners with different learning styles. To assess them, you would give them

(1) a uniform set of instructions and subsequently label the children according to their marks in the test

(2) the same set of tasks and tests

(3) a variety of tasks and tests

(4) the same time to perform on the tests

**3.** Nowadays, there is a tendency to refer to 'wrong concepts' of children as 'alternative conceptions'. This could be attributed to

(1) children's understanding being nuanced and their being passive in their own learning

(2) recognition that children are capable of thinking and their thinking is different from that of adults

(3) using fancy terms to describe children's errors

(4) children being thought of as adult-like in their thinking

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'आधारभूत सहायता' का एक अच्छा उदाहरण है (जिसका आशय है समस्या-समाधान को तब तक सिखाना जब तक शिक्षार्थी स्वयं न कर सके)?

(1) समस्या का समाधान जल्दी देने के लिए पुरस्कार देना

(2) उसे यह बताना कि वह बार-बार प्रयास द्वारा कर सकती है

(3) उसे आधा समाधान (हल) किया उदाहरण उपलब्ध करवाना

(4) उसे कहना कि जब तक वह समस्या का समाधान नहीं कर लेती, तब तक घर नहीं जा सकती

**2.** आपकी कक्षा में सीखने की विविध शैलियों वाले बच्चे हैं। उनका आकलन करने के लिए आप उन्हें

(1) समान अनुदेश देंगे तथा उसके बाद बच्चों द्वारा परीक्षण में प्राप्त अंकों के अनुसार उनको नामित करेंगे

(2) कार्यों और परीक्षणों के एकसमान सेट देंगे

(3) विविध प्रकार के कार्य और परीक्षण देंगे

(4) परीक्षण पूरे करने के लिए एकसमान समय देंगे

**3.** आजकल बच्चों की 'गलत धारणाओं' को 'वैकल्पिक धारणाएँ' कहने की एक प्रवृत्ति है। इसे कहा जा सकता है

(1) बच्चों की समझ में सूक्ष्म भेद करना और उनका अपने सीखने के प्रति निष्क्रिय रहना

(2) पहचानना कि बच्चे सोच सकते हैं और उनकी सोच प्रौढ़ों से भिन्न होती है

(3) बच्चों की गलतियों की व्याख्या के लिए मनोहारी शब्दों का उपयोग करना

(4) बच्चों को उनकी सोच में प्रौढ़ों के समान मानना



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

4. Which one of the following best describes a teacher's role in a middle school classroom?

(1) Discouraging multiple perspectives and focusing on uni-dimensional perspective

(2) Using PowerPoint presentations to give lectures

(3) Providing opportunities for discussions

(4) Promoting students to compete amongst themselves for the first position

5. Which one of the following statements about motivation and learning is correct?

(1) Motivation does not have any role to play in learning.

(2) Learning is effective only when the students are motivated using external rewards.

(3) Learning is effective only when the students have intrinsic motivation—a desire to learn from inside.

(4) Learning is effective only when the students are extrinsically motivated—motivated by external factors.

6. Which one of the following statements about learning is correct?

(1) Learning is a passive receptive process.

(2) Learning does not depend on learner's previous knowledge.

(3) Learning is equivalent to acquisition of skills.

(4) Learning is facilitated by social actions.

7. Which one of the following is an important activity to enable children to learn?

(1) Reward

(2) Dialogue

(3) Lecture

(4) Instruction

4. निम्नलिखित में से कौन-सा एक माध्यमिक विद्यालय की कक्षा-कक्ष में शिक्षक की भूमिका का सर्वोत्तम/उचित वर्णन करता है?

(1) बहु-परिप्रेक्ष्य को निरुत्साहित करना तथा एक-आयामी परिप्रेक्ष्य पर केन्द्रीभूत होना

(2) व्याख्यान देने के लिए पावरपॉइंट प्रेज़ेंटेशन का प्रयोग करना

(3) चर्चाओं के अवसर उपलब्ध कराना

(4) प्रथम स्थान के लिए शिक्षार्थियों को आपस में प्रतिस्पर्धा के लिए बढ़ावा देना

5. अभिप्रेरणा और अधिगम के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?

(1) अधिगम में प्रेरणा की कोई भूमिका नहीं होती।

(2) अधिगम केवल तभी प्रभावी होता है जब शिक्षार्थी बाहरी पुरस्कारों का उपयोग करने से प्रेरित हों।

(3) अधिगम केवल तभी प्रभावी होता है जब शिक्षार्थियों में भीतरी प्रेरणा हो—सीखने की अंतर्निहित इच्छा हो।

(4) अधिगम केवल तभी प्रभावी होता है जब शिक्षार्थी बाहरी रूप से प्रेरित हों—बाहरी कारणों से प्रेरित हों।

6. सीखने के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सत्य है?

(1) सीखना एक निष्क्रिय ग्रहणशील प्रक्रिया है।

(2) सीखना शिक्षार्थी के पूर्व ज्ञान पर आधारित नहीं है।

(3) सीखना कौशलों के संचय के समान है।

(4) सीखने को सामाजिक क्रियाएँ सुविधा देती हैं।

7. निम्नलिखित में से कौन-सी एक महत्त्वपूर्ण गतिविधि बच्चों को सीखने के लिए सक्षम बनाती है?

(1) पुरस्कार

(2) संवाद

(3) व्याख्यान

(4) निर्देश



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click Know More

Scanned by CamScanner

8. Which one of the following statements about development is correct?

(1) Development proceeds from birth to adolescence in a forward manner and then it goes backwards.

(2) Developmental changes go forward in a straight line.

(3) Development occurs at a different rate among different individuals.

(4) Development occurs at a very fast pace from birth till adolescence and then it stops.

9. Middle childhood is the period from

(1) 10 years onwards

(2) birth to 2 years

(3) 2 years to 6 years

(4) 6 years to 11 years

10. "Environmental factors do not play any role in shaping an individual, since growth of each individual is determined by his genetic makeup." This statement is

(1) incorrect, since there have been several researches to prove that environment can have a major influence on development

(2) correct, since genetic makeup of an individual is very strong

(3) correct, since there have been several researches to prove that genetic material alone predicts an individual's development

(4) incorrect, since environmental factors contribute little in an individual's growth and development

11. _____ is a process through which a human infant begins to acquire the necessary skills to perform as a functioning member of the society.

(1) Development

(2) Socialization

(3) Learning

(4) Maturation

8. विकास के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?

(1) विकास जन्म से किशोरावस्था तक आगे की ओर बढ़ता है और फिर पीछे की ओर।

(2) विकासात्मक परिवर्तन एक सीधी रेखा में आगे जाते हैं।

(3) विकास भिन्न व्यक्तियों में भिन्न गति से होता है।

(4) विकास जन्म से किशोरावस्था तक बहुत तीव्र गति से होता है और उसके बाद रुक जाता है।

9. मध्य-बचपन अवधि है

(1) 10 वर्ष के बाद

(2) जन्म से 2 वर्ष

(3) 2 वर्ष से 6 वर्ष

(4) 6 वर्ष से 11 वर्ष

10. ''किसी व्यक्ति को आकार देने में वातावरण के घटकों की कोई भूमिका नहीं होती, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की वृद्धि उसकी आनुवंशिक संरचना से निर्धारित होती है।'' यह कथन

(1) ठीक नहीं है, क्योंकि बहुत-से शोध यह सिद्ध करते हैं कि विकास में वातावरण का बड़ा प्रभाव पड़ सकता है

(2) ठीक है, क्योंकि किसी व्यक्ति की आनुवंशिक संरचना बहुत प्रबल होती है

(3) ठीक है, क्योंकि बहुत-से शोध यह सिद्ध करते हैं कि आनुवंशिक पदार्थ ही व्यक्ति के विकास की भविष्यवाणी करता है

(4) ठीक नहीं है, क्योंकि वातावरण के घटक किसी व्यक्ति की वृद्धि और विकास में कम योगदान करते हैं

11. _____ एक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मानव शिशु समाज के सक्रिय सदस्य के रूप में निष्पादन करने के लिए आवश्यक कौशलों का अर्जन करना प्रारंभ करता है।

(1) विकास

(2) समाजीकरण

(3) सीखना

(4) परिपक्वता



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

12. According to Piaget, which one of the following factors plays an important role in influencing development?

(1) Reinforcement

(2) Language

(3) Experience with the physical world

(4) Imitation

13. The cognitive ability that comes in pre-operational period is

(1) hypothetico-deductive thinking

(2) ability for abstract thinking

(3) ability of goal-directed behaviour

(4) ability to take other's perspective

14. Which one of the following is a correctly matched pair?

(1) Social contract orientation—Physical consequences of an action determine whether it is good or bad

(2) Punishment and obedience orientation—Laws are not fixed, but can be changed for the good of society

(3) Good boy and good girl orientation—One earns approval by being nice

(4) Law and order orientation—Ethical principles are self-chosen on the basis of the value of human rights

15. The concept of 'private speech' of children as proposed by Vygotsky

(1) shows that children are stupid and thus need guidance of adults

(2) illustrates that children are egocentric

(3) shows that children love themselves

(4) illustrates that children use speech to guide their own actions

12. पियाजे के अनुसार, विकास को प्रभावित करने में निम्नलिखित कारकों में से किसकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है?

(1) पुनर्बलन

(2) भाषा

(3) भौतिक विश्व के साथ अनुभव

(4) अनुकरण

13. पूर्व-संक्रियात्मक काल में आने वाली संज्ञानात्मक योग्यता है

(1) अभिकल्पनात्मक निष्कर्ष चिंतन

(2) अमूर्त चिंतन की योग्यता

(3) लक्ष्य-उद्दिष्ट व्यवहार की योग्यता

(4) दूसरे के दृष्टिकोण को समझने की योग्यता

14. निम्नलिखित में से किस एक जोड़े का मिलान ठीक हुआ है?

(1) सामाजिक संविदा अभिविन्यास—किसी कार्य के भौतिक परिणाम निर्धारित करते हैं कि वह अच्छा है या बुरा

(2) दंड देना और आज्ञापालन अभिविन्यास—नियम तय नहीं हैं, किंतु समाज के हित में बदले जा सकते हैं

(3) अच्छा लड़का व अच्छी लड़की अभिविन्यास—अच्छा बनकर कोई स्वीकृति प्राप्त करता है

(4) नियम और आदेश अभिविन्यास—मानवाधिकारों के मूल्य के आधार पर नैतिक सिद्धांत स्वयं चुने जाते हैं

15. वाइगोत्स्की की संस्तुति के अनुसार, बच्चों की 'व्यक्तिगत वाक्' की संकल्पना

(1) प्रदर्शित करती है कि बच्चे बुद्धू होते हैं इसलिए उन्हें प्रौढ़ों के निर्देशन की आवश्यकता होती है

(2) स्पष्ट करती है कि बच्चे अहं-केंद्रित होते हैं

(3) प्रदर्शित करती है कि बच्चे अपने-आप से प्यार करते हैं

(4) स्पष्ट करती है कि बच्चे अपने ही कार्यों के निर्देशन के लिए भाषा का उपयोग करते हैं



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

16. According to Vygotsky, learning **cannot** be separated from

(1) perception and attentional processes

(2) its social context

(3) reinforcement

(4) a measurable change in behaviour

17. Progressive education entails that the classroom is

(1) in full control of the teacher, who is dictatorial

(2) democratic and there is space given to children for understanding

(3) authoritarian, where the teacher dictates and the students follow meekly

(4) free for all with the teacher absent from it

18. Which one of the following illustrates a person with linguistic intelligence?

(1) The ability to handle long chains of reasoning

(2) Sensitivity to the meaning and order of words and the varied uses of language

(3) Sensitivity to pitch, melody and tone

(4) The ability to notice and make distinctions among others

19. Language _____ thought processes.

(1) cannot determine the

(2) does not influence the

(3) totally governs our

(4) has an influence on our

20. A textbook of Class VIII has following illustrations—women as teachers and maids while men as doctors and pilots. This type of depiction is likely to promote

(1) gender empowerment

(2) gender stereotyping

(3) gender role play

(4) gender constancy

16. वाइगोत्स्की के अनुसार, सीखने को पृथक् **नहीं** किया जा सकता

(1) अवबोधन और अवधानात्मक प्रक्रियाओं से

(2) उसके सामाजिक संदर्भ से

(3) पुनर्बलन से

(4) व्यवहार में मापने योग्य परिवर्तन से

17. प्रगतिशील शिक्षा में अपरिहार्य है कि कक्षा-कक्ष

(1) शिक्षक के पूर्ण नियंत्रण में होता है जिसमें वह अधिनायकतावादी होता है

(2) लोकतांत्रिक होता है और समझने के लिए बच्चों को पर्याप्त स्थान दिया गया होता है

(3) सत्तावादी होता है, जहाँ शिक्षक आदेश देता है और शिक्षार्थी चुपचाप अनुसरण करते हैं

(4) सबके लिए मुक्त होता है जिसमें शिक्षक अनुपस्थित होता है

18. निम्नलिखित में से कौन-सा एक उदाहरण भाषिक बुद्धि वाले व्यक्ति को दर्शाता है?

(1) तर्क की दीर्घ शृंखलाओं को सँभाल सकने की योग्यता

(2) शब्दों के अर्थ और क्रम तथा भाषा के विविध प्रयोगों के प्रति संवेदनशीलता

(3) स्वर, राग और सुर के प्रति संवेदनशीलता

(4) ध्यान देने और दूसरे से अंतर कर सकने की योग्यता

19. भाषा

(1) विचार-प्रक्रिया का निर्धारण नहीं कर सकती

(2) विचार-प्रक्रिया को प्रभावित नहीं करती

(3) हमारी विचार-प्रक्रिया को पूरी तरह से नियंत्रित करती है

(4) हमारी विचार-प्रक्रिया को प्रभावित करती है

20. कक्षा VIII की एक पाठ्य-पुस्तक में इस प्रकार के चित्र हैं—शिक्षिका एवं घरेलू काम करने वाली के रूप में महिला, जबकि डॉक्टर एवं पाइलट के रूप में पुरुष। इस प्रकार के चित्रण से बढ़ सकती/सकता है

(1) लिंग सशक्तीकरण

(2) लिंग रूढ़िबद्धता

(3) लिंग भूमिका-निर्वाह खेल

(4) लिंग स्थिरता



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

21. There are vast differences among the students. Of these, a teacher needs to be sensitive to

I. differences based on cognitive capabilities and learning levels

II. differences based on diversity of language, caste, gender, religion, community

**Select the correct answer using the code given below.**

(1) Neither I nor II

(2) Only I

(3) Only II

(4) Both I and II

22. Assessment by only paper-pencil tests

(1) promotes holistic assessment

(2) limits assessment

(3) facilitates comprehensive evaluation

(4) facilitates continuous evaluation

23. A teacher has a 'hearing impaired' child in her middle school class. It is important for her to

(1) ask the school counsellor to talk to the child's parents and tell them to withdraw their child from school

(2) make the child sit at a place from where she can see the teacher's lips and facial expressions clearly

(3) keep pointing to what the child cannot do over and over again

(4) ridicule the child and make her sit separately so that she joins an institution for hearing impaired

21. शिक्षार्थियों में बहुत विभिन्नताएँ होती हैं। इनमें से किसके/किनके लिए शिक्षक को संवेदनशील होने की आवश्यकता है?

I. संज्ञानात्मक क्षमताओं और सीखने के स्तरों पर आधारित भिन्नताएँ

II. भाषा, जाति, लिंग, धर्म, समुदाय की विविधता पर आधारित भिन्नताएँ

**नीचे दिए गए कूट के आधार पर सही उत्तर चुनिए।**

(1) न तो I और न ही II

(2) केवल I

(3) केवल II

(4) I और II दोनों

22. केवल कागज़-पेंसिल जाँचों द्वारा आकलन

(1) सकल आकलन को बढ़ावा देता है

(2) आकलन को सीमित कर देता है

(3) समग्र मूल्यांकन को सुविधा प्रदान करता है

(4) निरंतर मूल्यांकन को सुविधा प्रदान करता है

23. माध्यमिक विद्यालय की कक्षा में शिक्षिका के पास एक 'बधिर' बच्चा है। उसके लिए यह महत्त्वपूर्ण है कि

(1) विद्यालय सलाहकार (काउंसलर) से कहे कि वे बच्चे के अभिभावकों से बात करें तथा उन्हें अपने बच्चे को विद्यालय से हटाने के लिए कहें

(2) वह बच्चे को उस स्थान पर बैठाए जहाँ से वह शिक्षिका के होंठ तथा चेहरे के भाव साफ तौर पर देख सके

(3) उसके प्रति संकेत करे जिसे वह बच्चा बार-बार भी नहीं कर पा रहा

(4) बच्चे को डाँट-फटकार कर उसे अलग स्थान पर बैठाए ताकि वह बधिर केन्द्र में प्रवेश ले ले



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

24. A teacher can effectively respond to the needs of the children from 'disadvantaged sections' of society by

(1) adapting her pedagogy to the needs of every child in the classroom

(2) ignoring their background and asking them to do chores in the school

(3) making them sit separately in the classroom so that they do not mix with other children

(4) telling other children to treat the children from disadvantaged background with sympathy

25. Children with learning disability

(1) are very active, but have a low IQ

(2) are very wise and mature

(3) cannot learn anything

(4) struggle with some aspects of learning

26. Teachers can encourage children to think creatively by

(1) giving them multiple-choice questions

(2) asking them to think of different ways to solve a problem

(3) asking them to memorize answers

(4) asking them recall-based questions

24. एक शिक्षक समाज के 'वंचित वर्ग' के बच्चों की आवश्यकताओं को प्रभावपूर्ण तरीके से पूरा कर सकता है

(1) कक्षा-कक्ष के प्रत्येक बच्चे की आवश्यकतानुसार अपना शिक्षण-कौशल अपनाकर

(2) उनकी पृष्ठभूमि की उपेक्षा करके तथा उन्हें विद्यालय में कार्य करने के लिए कहकर

(3) उन्हें कक्षा-कक्ष में अलग स्थान पर बैठाकर, ताकि वे अन्य बच्चों से मेल-जोल न करें

(4) अन्य बच्चों को वंचित पृष्ठभूमि वाले बच्चों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करने के लिए कहकर

25. अधिगम-निर्योग्यता वाले बच्चे

(1) बहुत सक्रिय होते हैं, लेकिन उनकी बुद्धि-लब्धि कम होती है

(2) बहुत बुद्धिमान तथा परिपक्व होते हैं

(3) कुछ भी नहीं सीख सकते

(4) अधिगम के कुछ पक्षों से संघर्ष करते हैं

26. शिक्षक बच्चों को सृजनात्मक विचारों के लिए प्रोत्साहित कर सकता है

(1) उन्हें बहु-विकल्पी प्रश्न देकर

(2) उन्हें समस्या-समाधान के लिए विभिन्न तरीकों से सोचने के लिए कहकर

(3) उन्हें उत्तर कंठस्थ करने के लिए कहकर

(4) उनसे प्रत्यास्मरण-आधारित प्रश्न पूछकर



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

27. Which one of the following philosophical perspectives needs to be followed to deal with children with special needs?

(1) They have a right to inclusive education and study in regular schools.

(2) They do not need any education at all.

(3) They should be segregated and put in separate educational institutions.

(4) They should be given only vocational training.

28. Learner-centred approach means

(1) use of methods in which teacher is the main actor

(2) methods where learners' own initiative and efforts are involved in learning

(3) that teachers draw conclusions for the learners

(4) traditional expository methods

29. Which one of the following is central to learning?

(1) Imitation

(2) Meaning-making

(3) Conditioning

(4) Rote memorization

30. In a constructivist classroom as envisioned by Piaget and Vygotsky, learning

(1) is offering of reinforcement by the teacher

(2) is constructed by the students themselves who play an active role

(3) is dictated by the teacher and the students are passive recipients of the same

(4) happens by pairing of a stimulus and a response

27. विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों से व्यवहार करने के लिए निम्नलिखित दार्शनिक दृष्टिकोणों में से किसका अनुसरण किया जाना चाहिए?

(1) उन्हें समावेशी शिक्षा का और नियमित विद्यालयों में अध्ययन करने का अधिकार प्राप्त है।

(2) उन्हें किसी प्रकार की शिक्षा की आवश्यकता ही नहीं होती।

(3) उन्हें पृथक् करके उनकी शिक्षा किसी भिन्न शैक्षिक संस्थाओं में होनी चाहिए।

(4) उन्हें केवल व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

28. अधिगमकर्ता-केन्द्रित विधि का आशय है

(1) उन विधियों को अपनाना, जिनमें शिक्षक मुख्य कर्ता (पात्र) होता है

(2) वे विधियाँ, जहाँ अधिगम में अधिगमकर्ता की अपनी पहल तथा प्रयास सम्मिलित होते हैं

(3) कि शिक्षक अधिगमकर्ता के लिए स्वयं निष्कर्ष निकाल देते हैं

(4) परंपरागत व्याख्यात्मक विधियाँ

29. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सीखने के लिए प्रमुख है?

(1) अनुकरण

(2) अर्थ-निर्माण

(3) अनुबंधन

(4) रटकर याद करना

30. पियाजे तथा वाइगोत्स्की के अनुसार, एक रचनात्मक कक्षा-कक्ष में अधिगम

(1) शिक्षक द्वारा पुनर्बलन किया जाना है

(2) शिक्षार्थियों द्वारा स्वयं सृजित किया जाता है, जो एक सक्रिय भूमिका निभाते हैं

(3) शिक्षक द्वारा लिखवाया जाता है तथा शिक्षार्थी निष्क्रिय प्राप्तकर्ता होते हैं

(4) उद्दीपक तथा अनुक्रिया के जोड़ से होता है



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| **IMPORTANT :** Candidates have to do Question Nos. **31** to **90** *Either* from Part—II (Mathematics and Science) *Or* from Part—III (Social Studies / Social Science). | **महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थियों को प्रश्न संख्या **31** से **90** या तो भाग—II (गणित और विज्ञान) या भाग—III (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं। |

## PART—II / भाग—II

## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित और विज्ञान

***Directions :*** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

**31.** "Two complementary angles are in the ratio 2 : 3. Find these angles."

The above problem from NCERT textbook of Class VII refers to

(1) higher order thinking as it demands construction of a figure using given information

(2) lower order thinking as it is based on recalling information

(3) lower order thinking as it is based on using the information in concrete situation

(4) higher order thinking as it demands the interpretation of given information, its analysis and use in getting the desired information

**32.** "Prove that there is no rational number whose square is 2."

This type of proof is

(1) proof by contraposition

(2) direct proof

(3) proof by contradiction

(4) proof by counter-example

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**31.** ''दो पूरक कोण 2 : 3 के अनुपात में हैं। उनको ज्ञात कीजिए।''

कक्षा VII की एन० सी० ई० आर० टी० की पाठ्य-पुस्तक के उपरोक्त प्रश्न का संदर्भ है कि यह

(1) उच्चतर श्रेणी का विचार है, क्योंकि यह अपेक्षा करता है कि दी हुई जानकारी से चित्र की रचना की जाए

(2) निम्न श्रेणी का विचार है, क्योंकि यह स्मरण ज्ञान पर आधारित है

(3) निम्न श्रेणी का विचार है, क्योंकि यह जानकारी का प्रत्यक्ष स्थिति में उपयोग करने पर आधारित है

(4) उच्चतर श्रेणी का विचार है, क्योंकि यह अपेक्षा करता है कि दी हुई जानकारी की व्याख्या की जाए, इसका विश्लेषण किया जाए और इसके प्रयोग से वांछित जानकारी प्राप्त की जाए

**32.** ''सिद्ध कीजिए कि ऐसी कोई भी परिमेय संख्या नहीं है, जिसका वर्ग 2 है।''

इस प्रकार की उपपत्ति है

(1) प्रतिस्थिति द्वारा उपपत्ति

(2) प्रत्यक्ष उपपत्ति

(3) विरोध द्वारा उपपत्ति

(4) प्रत्युदाहरण द्वारा उपपत्ति

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

33. Consider the following statement :

"If the diagonals of a quadrilateral bisect each other, then the quadrilateral is a parallelogram."

This statement is a/an

(1) definition

(2) theorem

(3) axiom

(4) proposition

34. 'Representation' in Mathematics **does not** refer to

(1) expressing the number sequence through geometrical patterns

(2) expressing the relation between two variables as an equation

(3) expressing an important geometrical result as a theorem

(4) expressing the given data through graphs

35. In NCERT exemplar book for Class VIII at the end of Unit 5, 'Understanding quadrilaterals and practical geometry', lots of activities like constructing tessellation, constructing tangrams, etc., are given. One of the objectives of such tasks is to help

(1) all learners with different learning styles and to enhance spatial orientation

(2) visual learners only to improve their analytical skills

(3) kinesthetic learners only to improve their visual thinking skills

(4) auditory learners only to improve their creative skills

33. निम्न कथन पर विचार कीजिए :

"यदि एक चतुर्भुज के विकर्ण परस्पर को समद्विभाजित करते हैं, तो चतुर्भुज एक समांतर-चतुर्भुज होगा।"

यह कथन है

(1) परिभाषा

(2) प्रमेय

(3) अभिगृहीत

(4) साध्य

34. गणित में 'प्रदर्शन' उल्लेख **नहीं** करता है

(1) संख्या श्रेणी को ज्यामितीय प्रतिरूप में व्यक्त करना

(2) दो चरों के मध्य संबंध को समीकरण में व्यक्त करना

(3) एक महत्त्वपूर्ण ज्यामितीय परिणाम को प्रमेय में व्यक्त करना

(4) दिए गए आँकड़ों को आलेख द्वारा व्यक्त करना

35. कक्षा VIII की एन० सी० ई० आर० टी० एक्सम्पलर पुस्तक (प्रश्न प्रदर्शिका) में 5वीं इकाई 'चतुर्भुजों को समझना और ज्यामितीय प्रयोग' के अंत में बहुत सारे क्रियाकलाप जैसे कि चौपड़ की रचना, चीनी पहेली की रचना इत्यादि दिए हुए हैं। इस प्रकार के कार्यों के उद्देश्यों में से एक उद्देश्य सहायता करना है

(1) सभी शिक्षार्थियों को अपनी विभिन्न विधाशैलियों के साथ स्थानिक स्थिति सुधारने में

(2) दृष्टिवाले शिक्षार्थियों को, केवल अपनी विश्लेषणात्मक कला को सुधारने में

(3) गतिबोध वाले शिक्षार्थियों को, केवल अपने दृश्य विचार कौशल में सुधार करने में

(4) श्रोतागण शिक्षार्थियों को, केवल अपनी सर्जनात्मक कला को सुधारने में

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

36. Which one of the following statements is **not** true about projects in Mathematics?

(1) They make scoring easy in Mathematics.

(2) They promote inquiry skills.

(3) They enhance problem-solving skills.

(4) They establish interdisciplinary linkages.

37. Which one of the following activities is **not** appropriate for 'data representation and data interpretation'?

(1) Newspaper report

(2) Project

(3) Survey

(4) Debate

38. If $x=\frac{2}{3}$ and $y=\frac{3}{4}$, then a rational number between $(x-y)^{-1}$ and $(x^{-1}-y^{-1})$ is

(1) $-\frac{71}{12}$ (2) $\frac{1}{6}$

(3) $\frac{2}{3}$ (4) $-\frac{71}{2}$

39. If $0\cdot001+1\cdot01+1\cdot001-(1\cdot03\times0\cdot1)+(1\cdot11+0\cdot1)+x=1\cdot4\times\left(\frac{1}{10}\right)^{-1}$

then the value of $x$ is

(1) 0·758 (2) 0·991

(3) 0·919 (4) 0·785

36. गणित की परियोजनाओं के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

(1) वे गणित में अंक प्राप्त करना आसान करते हैं।

(2) वे अन्वेषण कौशल को प्रोत्साहित करते हैं।

(3) वे समस्या-समाधान कौशल को बढ़ाते हैं।

(4) वे अंतर्विषयी अनुबंधों को सिद्ध करते हैं।

37. निम्नलिखित में से कौन-सा क्रियाकलाप 'आँकड़ों के प्रस्तुतीकरण और आँकड़ों के निरूपण' के लिए उपयुक्त नहीं है?

(1) समाचारपत्र रिपोर्ट

(2) परियोजना

(3) सर्वेक्षण

(4) वाद-विवाद

38. यदि $x=\frac{2}{3}$ और $y=\frac{3}{4}$ है, तो $(x-y)^{-1}$ और $(x^{-1}-y^{-1})$ के मध्य एक परिमेय संख्या है

(1) $-\frac{71}{12}$ (2) $\frac{1}{6}$

(3) $\frac{2}{3}$ (4) $-\frac{71}{2}$

39. यदि $0\cdot001+1\cdot01+1\cdot001-(1\cdot03\times0\cdot1)+(1\cdot11+0\cdot1)+x=1\cdot4\times\left(\frac{1}{10}\right)^{-1}$

है, तो $x$ का मान है

(1) 0·758 (2) 0·991

(3) 0·919 (4) 0·785

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

40. If $3(5x-7)-4(8x-13)=2(9x-11)-17$, then the value of $\frac{7x-5}{11x-9}$ is

(1) $\frac{9}{13}$ (2) $\frac{14}{31}$

(3) $-\frac{14}{31}$ (4) $-\frac{9}{13}$

41. If $\frac{\sqrt{1058}\times\sqrt{648}}{x}=18$, then the value of $x$ is

(1) 58 (2) 23

(3) 36 (4) 46

42. What is the value of $A$ such that

$$\sqrt[3]{500}\times\sqrt[3]{-3456}=40\times A$$

is true?

(1) −15 (2) −2

(3) −3 (4) −12

43. The value of $m$ such that

$$\left(\frac{2}{9}\right)^3\times\left(\frac{4}{81}\right)^{-6}=\left(\frac{2}{9}\right)^{2m-1}$$

is

(1) −4 (2) 3

(3) −6 (4) 0

44. Let $x=597\times10^{22}+73\cdot5\times10^{21}$. When $x$ is expressed in standard form as $6\cdot0435\times10^m$, then the value of $m$ is

(1) 24 (2) 21

(3) 22 (4) 23

45. If $2m-\frac{1}{2m}=2$, where $m\neq0$, then the value of $m^2+\frac{1}{16m^2}$ is

(1) $1\frac{1}{2}$ (2) 4

(3) $2\frac{1}{2}$ (4) 2

40. यदि $3(5x-7)-4(8x-13)=2(9x-11)-17$ है, तो $\frac{7x-5}{11x-9}$ का मान है

(1) $\frac{9}{13}$ (2) $\frac{14}{31}$

(3) $-\frac{14}{31}$ (4) $-\frac{9}{13}$

41. यदि $\frac{\sqrt{1058}\times\sqrt{648}}{x}=18$ है, तो $x$ का मान है

(1) 58 (2) 23

(3) 36 (4) 46

42. $A$ का क्या मान होगा, यदि

$$\sqrt[3]{500}\times\sqrt[3]{-3456}=40\times A$$

सत्य है?

(1) −15 (2) −2

(3) −3 (4) −12

43. $m$ का वह मान, जबकि

$$\left(\frac{2}{9}\right)^3\times\left(\frac{4}{81}\right)^{-6}=\left(\frac{2}{9}\right)^{2m-1}$$

है, है

(1) −4 (2) 3

(3) −6 (4) 0

44. मान लीजिए कि $x=597\times10^{22}+73\cdot5\times10^{21}$ है। जब $x$ को मानक रूप में $6\cdot0435\times10^m$ के द्वारा व्यक्त किया जाए, तो $m$ का मान है

(1) 24 (2) 21

(3) 22 (4) 23

45. यदि $2m-\frac{1}{2m}=2$ है, जहाँ $m\neq0$, तब $m^2+\frac{1}{16m^2}$ का मान है

(1) $1\frac{1}{2}$ (2) 4

(3) $2\frac{1}{2}$ (4) 2

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

46. One of the factors of $x^4+4$ is

(1) $x^2-2x+2$ (2) $x^2-2$

(3) $x^2+2$ (4) $x^2+2x-2$

47. The mean of the five observations $x$, $x+2$, $x+4$, $x+6$, $x+8$ is 11. Then the mean of the first three observations is

(1) 20 (2) 9

(3) 12 (4) 2

48. A bag has 5 red marbles, 4 green marbles and 3 blue marbles. All marbles are identical in all respects other than colour. A marble is taken out from the bag without looking into it. What is the probability that it is a non-green marble?

(1) $\frac{7}{12}$ (2) $\frac{5}{12}$

(3) $\frac{1}{3}$ (4) $\frac{2}{3}$

49. If $AB \times BA = BCB$, where $A$, $B$ and $C$ stand for just one digit and $A \neq B \neq C$, then the value of $A+B+C$ is

(1) 6 (2) 10

(3) 9 (4) 8

50. If $x$, $y$ and $z$ represent the number of faces, number of vertices and number of edges respectively of a polyhedra, then which of the following is true?

(1) $y-2=z+x$ (2) $x-2=z-y$

(3) $x+2=z-y$ (4) $z-2=x-y$

51. Ravi purchased two articles for ₹ 1,500 each. He sold them, gaining 6% on one and losing 4% on the other. His gain/loss percent in the whole transaction is

(1) gain, 2%

(2) loss, 1%

(3) gain, 1%

(4) loss, $1\frac{1}{2}\%$

46. $x^4+4$ का एक गुणनखंड है

(1) $x^2-2x+2$ (2) $x^2-2$

(3) $x^2+2$ (4) $x^2+2x-2$

47. पाँच प्रेक्षणों $x$, $x+2$, $x+4$, $x+6$, $x+8$ का माध्य 11 है। प्रथम तीन प्रेक्षणों का माध्य होगा

(1) 20 (2) 9

(3) 12 (4) 2

48. एक थैले में 5 लाल कंचे, 4 हरे कंचे और 3 नीले कंचे हैं। सभी कंचे रंग के अतिरिक्त सभी प्रकार से एकजैसे, अर्थात् सर्वसम हैं। थैले में से बिना इसमें देखे एक कंचा बाहर निकाला जाता है। यह कंचा हरे रंग का नहीं है, इसकी क्या प्रायिकता है?

(1) $\frac{7}{12}$ (2) $\frac{5}{12}$

(3) $\frac{1}{3}$ (4) $\frac{2}{3}$

49. यदि $AB \times BA = BCB$ है, जहाँ $A$, $B$ और $C$ केवल एक ही अंक को प्रदर्शित करते हैं और $A \neq B \neq C$ है, तब $A+B+C$ का मान है

(1) 6 (2) 10

(3) 9 (4) 8

50. यदि $x$, $y$ और $z$ क्रमशः किसी बहुफलक के फलकों, शीर्षों और किनारों की संख्याओं को प्रदर्शित करते हैं, तो निम्न में से कौन-सा सत्य है?

(1) $y-2=z+x$ (2) $x-2=z-y$

(3) $x+2=z-y$ (4) $z-2=x-y$

51. रवि ने दो वस्तुएँ प्रत्येक को ₹ 1,500 में खरीदा। उसने एक वस्तु को 6% लाभ पर तथा दूसरी को 4% हानि पर बेचा। इस पूरे सौदे में हुआ उसका लाभ/हानि प्रतिशत है

(1) लाभ, 2%

(2) हानि, 1%

(3) लाभ, 1%

(4) हानि, $1\frac{1}{2}\%$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

**52.** In which one of the following cases, the construction of a quadrilateral $ABCD$ is **not** possible?

(1) $AB = 3 \cdot 5$ cm, $\angle B = 125°$, $\angle C = 80°$, $BC = 5 \cdot 5$ cm and $CD = 5$ cm

(2) $AB = 4$ cm, $BC = 6$ cm, $AC = 8$ cm, $AD = 5 \cdot 5$ cm and $DC = 5$ cm

(3) $BC = 4 \cdot 5$ cm, $AD = 5 \cdot 5$ cm, $CD = 5$ cm, $AC = 5 \cdot 5$ cm and $BD = 7$ cm

(4) $AB = 6$ cm, $BC = 9 \cdot 5$ cm, $\angle A = 75°$, $\angle B = 150°$ and $\angle C = 140°$

**53.** Let $x$ be the angle which is equal to its complement and $y$ be the angle which is equal to its supplement. Then $2x + 3y$ is equal to

(1) 360°   (2) 180°

(3) 135°   (4) 270°

**54.** How many sides does a regular polygon have if its each angle is of measure 108°?

(1) 8   (2) 5

(3) 6   (4) 7

**55.** $ABCD$ is a quadrilateral in which $BD = 40$ cm. The lengths of the perpendiculars drawn from the opposite vertices on $BD$ are 16 cm and 12 cm. The area of the quadrilateral (in $cm^2$) is

(1) 600

(2) 500

(3) 560

(4) 580

**56.** Two sheets of paper with measure 22 cm by 28 cm are taken. Each sheet is then rolled into a cylinder, one having the height 22 cm and the other of height 28 cm. The difference in their volumes (in $cm^3$) will be

(1) 316   (2) 0

(3) 216   (4) 294

**52.** निम्न स्थितियों में से किस स्थिति में चतुर्भुज $ABCD$ की रचना संभव नहीं है?

(1) $AB = 3 \cdot 5$ cm, $\angle B = 125°$, $\angle C = 80°$, $BC = 5 \cdot 5$ cm और $CD = 5$ cm

(2) $AB = 4$ cm, $BC = 6$ cm, $AC = 8$ cm, $AD = 5 \cdot 5$ cm और $DC = 5$ cm

(3) $BC = 4 \cdot 5$ cm, $AD = 5 \cdot 5$ cm, $CD = 5$ cm, $AC = 5 \cdot 5$ cm और $BD = 7$ cm

(4) $AB = 6$ cm, $BC = 9 \cdot 5$ cm, $\angle A = 75°$, $\angle B = 150°$ और $\angle C = 140°$

**53.** मान लीजिए कि $x$ एक ऐसा कोण है, जो अपने पूरक के समान है और $y$ एक ऐसा कोण है, जो अपने संपूरक के समान है। तब $2x + 3y$ बराबर है

(1) 360°   (2) 180°

(3) 135°   (4) 270°

**54.** यदि एक समबहुभुज के प्रत्येक कोण का माप 108° है, तो इसकी भुजाओं की संख्या क्या होगी?

(1) 8   (2) 5

(3) 6   (4) 7

**55.** $ABCD$ एक चतुर्भुज है, जिसमें $BD = 40$ cm है। सम्मुख शीर्षों से $BD$ पर खींचे गए लंबों की लंबाइयाँ 16 cm तथा 12 cm हैं। चतुर्भुज का क्षेत्रफल (वर्ग cm में) है

(1) 600

(2) 500

(3) 560

(4) 580

**56.** कागज की दो शीटें ली गई हैं, जिनका माप 22 cm × 28 cm है। प्रत्येक शीट से एक बेलन बनाया गया है, जिसमें एक की ऊँचाई 22 cm और दूसरे की ऊँचाई 28 cm है। उनके आयतनों (घन cm में) में अंतर होगा

(1) 316   (2) 0

(3) 216   (4) 294

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More
Scanned by CamScanner

57. A square and a circle are formed using pieces of wire of length 5024 cm each. The ratio of the area of the square to that of the circle is

(1) 8 : π (2) π : 4

(3) 4 : π (4) π : 8

58. Anisha and Amit study in Class VII. Anisha told Amit that if the marks in Mathematics of each student in the class are increased by 5, the average would go up by 5. She further says that it is true for all numbers. Amit does not agree and Anisha proves it by taking the case *n*, instead of 5. Anisha is using

(1) estimation

(2) inductive logic

(3) deductive logic

(4) common sense

59. Using technology-based games involving factorization of numbers or formation of new shapes by joining 2D shapes, etc.

(1) helps teacher to manage students in Mathematics laboratory

(2) enhances students' numeracy skills and computational skills

(3) enhances students' ability to understand the concepts better as they are able to explore, observe and infer at their own pace

(4) helps teacher to assess students' performance in Mathematics

60. Writing proofs in geometry implies

(1) steps of drawing a figure

(2) two-column table of axioms and deductions

(3) argument or justification of statements

(4) description of a geometrical problem

57. तार के दो टुकड़े हैं और प्रत्येक की लंबाई 5024 cm है। तार के एक टुकड़े से एक वर्ग तथा दूसरे से एक वृत्त बनाया जाता है। वर्ग के क्षेत्रफल का वृत्त के क्षेत्रफल से अनुपात है

(1) 8 : π (2) π : 4

(3) 4 : π (4) π : 8

58. अनीशा और अमित कक्षा VII में पढ़ते हैं। अनीशा ने अमित को कहा कि यदि उनकी कक्षा में प्रत्येक विद्यार्थी के गणित के अंकों में 5 की वृद्धि की जाए, तो औसत में 5 की वृद्धि होगी। उसने आगे यह भी कहा कि यह सभी संख्याओं के लिए सही होगा। अमित इससे सहमत नहीं हुआ और अनीशा ने 5 के स्थान पर संख्या *n* लेकर इसे सिद्ध किया। अनीशा ने उपयोग किया

(1) आकलन का

(2) आगमनिक तर्क का

(3) निगमनिक तर्क का

(4) सामान्य ज्ञान का

59. तकनीकी पर आधारित खेलों, जिनमें संख्याओं के गुणनखंड या द्वि-आयामी आकृतियों को जोड़कर नई आकृति बनाना आदि होता है, इनका प्रयोग

(1) विद्यार्थियों को गणित की प्रयोगशाला में व्यस्त रखने में शिक्षक की सहायता करता है

(2) विद्यार्थियों की संख्यात्मक दक्षता और परिकलन दक्षता को बढ़ाता है

(3) विद्यार्थियों में अवधारणाओं को समझने की क्षमता में वृद्धि करता है ताकि वे अपनी योग्यता के अनुसार अन्वेषण, प्रेक्षण और निष्कर्ष करने के कारण कुशल हो जाते हैं

(4) शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों के गणित प्रदर्शन का मूल्यांकन करने में सहायता करता है

60. ज्यामिति में उपपत्ति लिखना संकेत करता है

(1) किसी आकृति को खींचने के पद को

(2) द्वि-स्तंभीय तालिका को, जिसमें अभिगृहीत और निगमन है

(3) कथन के तर्क या औचित्य को

(4) ज्यामितीय प्रश्न के वर्णन को

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click Know More

Scanned by CamScanner

61. Somia usually takes her Class VII students on a field trip. Which of the following could be the objective(s)?

A. It provides concrete experiences to students.

B. She can give them assignments and projects for formative assessment.

C. It enhances process skills of students.

D. It saves her teaching time.

(1) B and C

(2) A, B and C

(3) Only A

(4) Only D

62. Which one of the following assessment strategies is most appropriate to assess the experimental skills of students in a science classroom?

(1) Paper-pencil test

(2) Practical record

(3) Checklist

(4) Concept mapping

63. "Open a water tap. Adjust the flow so that it forms a thin stream. Charge a refill. Bring it near the water stream. Observe what happens. Write a short report on the activity."

**The skill(s) developed in the students through this activity is/are**

(1) experimentation only

(2) observation, experimentation and communication

(3) observation, experimentation and creativity

(4) observation only

61. सोमिया अक्सर अपनी कक्षा VII के विद्यार्थियों को क्षेत्र-भ्रमण पर लेकर जाती है। इसका/इसके उद्देश्य क्या हो सकता है/सकते हैं?

A. यह विद्यार्थियों को ठोस अनुभव प्रदान करता है।

B. वह उन्हें इस पर प्रोजेक्ट और दत्त-कार्य गठनात्मक आकलन के लिए दे सकती है।

C. यह विद्यार्थियों के प्रक्रमण कौशलों का विकास करती है।

D. यह उसके शिक्षण समय को बचाता है।

(1) B और C

(2) A, B और C

(3) केवल A

(4) केवल D

62. निम्नलिखित आकलन युक्तियों में से कौन-सी युक्ति विज्ञान कक्षा में विद्यार्थियों की प्रायोगिक कौशल को आकलित करने के लिए सबसे अधिक उचित है?

(1) कागज-पेन्सिल परीक्षा

(2) प्रयोग अभिलेख

(3) जाँच-सूची (चेकलिस्ट)

(4) अवधारणा प्रतिचित्रण

63. "पानी के नल को खोलिए। इसे पतली धार के लिए समायोजित कीजिए। किसी रिफिल को आवेशित कीजिए। इसे जल की धारा के निकट लाइए। प्रेक्षण कीजिए कि क्या होता है। इस गतिविधि की संक्षिप्त रिपोर्ट लिखिए।"

**इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों में विकसित कौशल है/हैं**

(1) केवल प्रयोग करना

(2) अवलोकन, प्रयोग करना तथा सम्प्रेषण

(3) अवलोकन, प्रयोग करना तथा सृजनात्मकता

(4) केवल अवलोकन

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click

Know More

Scanned by CamScanner

64. Identify the **incorrect** statement about the nature of science.

(1) The methodology of science and its demarcation from other fields continue to be a matter of philosophical debate.

(2) Even the most established and universal laws of science are always regarded as provisional, subject to modification in the light of new observations, experiments and analyses.

(3) Speculation and conjecture also have a place in science, but ultimately a scientific theory, to be acceptable, must be verified by relevant observations and/or experiments.

(4) Science is considered as value-neutral and objective, and the laws of science are viewed as fixed.

65. Which of the following strategies are most appropriate for a teacher to teach the topic 'Save Energy'?

A. Ask students to write slogans on saving energy

B. Write at least five ways to save energy

C. Make a model/project to depict energy saving

D. Encourage students to save energy in various ways in their lives

(1) B, C and D

(2) A, B and C

(3) A, B and D

(4) A, C and D

64. विज्ञान की प्रकृति के संबंध में उस कथन की पहचान कीजिए जो ठीक न हो।

(1) विज्ञान की पद्धति और अन्य क्षेत्रों से उसका सीमांकन दार्शनिक वाद-विवाद का विषय रहा है।

(2) विज्ञान के अधिकतर स्थापित और सार्वभौमिक नियमों को नए अवलोकनों, प्रयोगों और विश्लेषण के संदर्भ में हमेशा संशोधनीय, अनन्तिम माना जाता है।

(3) विज्ञान में अनुमान और अटकल का भी स्थान होता है लेकिन अंततः वैज्ञानिक सिद्धांत को प्रासंगिक अवलोकनों एवं/अथवा प्रयोगों द्वारा अवश्य सत्यापित कर स्वीकार किया जाए।

(4) विज्ञान को तटस्थ और वस्तुनिष्ठ के रूप में देखा जाता है और विज्ञान के नियमों को स्थिर माना जाता है।

65. 'ऊर्जा संरक्षण' विषय को पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी युक्ति शिक्षक के लिए सबसे उचित हैं?

A. विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण पर नारे लिखने के लिए कहना

B. ऊर्जा संरक्षण के लिए कम-से-कम पाँच तरीके लिखना

C. ऊर्जा संरक्षण प्रदर्शित करने के लिए नमूना/परियोजना बनाना

D. विद्यार्थियों को अपने जीवन में विभिन्न तरीकों से ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करना

(1) B, C और D

(2) A, B और C

(3) A, B और D

(4) A, C और D

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

66. There are two planets in our solar system whose periods of revolution around the sun are less than those of our earth, but their periods of rotation are more as compared to those of the earth. These planets are

(1) Mercury and Venus

(2) Uranus and Neptune

(3) Mars and Jupiter

(4) Mercury and Saturn

67. The melting points (in °C) of Sulphur (S), Aluminium (Al) and Iron (Fe) are 113, 666 and 1535 respectively. Which one of the following is correct?

(1) Fe, S and Al are solids at 200 °C

(2) Only S is solid at 200 °C

(3) Only Fe is solid at 200 °C

(4) Al and Fe are solids at 200 °C

68. An electric circuit is set up in such a way that the positive terminal of a battery $V$ is connected to a bulb $B_1$ which is connected to a resistor $R$ which is connected to bulb $B_2$. $B_2$ is finally connected to the negative terminal of the battery. Both the bulbs are glowing. If the value of $R$ is increased, then

(1) both $B_1$ and $B_2$ will become dimmer

(2) $B_1$ will become dimmer but brightness of $B_2$ will remain unchanged

(3) $B_2$ will become dimmer but brightness of $B_1$ will remain unchanged

(4) both $B_1$ and $B_2$ will remain unchanged

66. हमारे सौर परिवार में ऐसे दो ग्रह हैं, जिनका सूर्य के चारों ओर परिक्रमणकाल हमारी पृथ्वी के परिक्रमणकाल की तुलना में छोटा है, परन्तु उनका घूर्णनकाल पृथ्वी के घूर्णनकाल से बड़ा है। इन ग्रहों के नाम हैं

(1) बुध और शुक्र

(2) यूरेनस और नेप्च्यून

(3) मंगल और बृहस्पति

(4) बुध और शनि

67. सल्फर (S), अल्यूमीनियम (Al) और लौह (Fe) के गलनांक (°C में) क्रमशः 113, 666 तथा 1535 हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(1) Fe, S तथा Al 200 °C तापमान पर ठोस हैं

(2) केवल S 200 °C तापमान पर ठोस है

(3) केवल Fe 200 °C तापमान पर ठोस है

(4) Al तथा Fe 200 °C तापमान पर ठोस हैं

68. एक विद्युत् परिपथ इस प्रकार लगाया गया है कि बैटरी $V$ का धनात्मक टर्मिनल एक बल्ब $B_1$ से जुड़ा है जो बल्ब $B_2$ से जुड़े प्रतिरोधक $R$ से जुड़ा है। अंततः $B_2$ बैटरी के ऋणात्मक टर्मिनल से जुड़ा है। दोनों बल्ब दीप्तिमान हैं। अगर $R$ का मान बढ़ा दिया जाए, तो

(1) $B_1$ और $B_2$ दोनों की दीप्ति कम हो जाएगी

(2) $B_1$ की दीप्ति कम हो जाएगी और $B_2$ की दीप्ति में कोई परिवर्तन नहीं आएगा

(3) $B_2$ की दीप्ति कम हो जाएगी और $B_1$ की दीप्ति में कोई परिवर्तन नहीं आएगा

(4) $B_1$ और $B_2$ दोनों अपरिवर्तित रहेंगे

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

69. Read the given statements and select the correct option :

**Statement A :**

The range of clinical thermometer is from 35 °C to 42 °C.

**Statement B :**

The range of laboratory thermometer is usually from 10 °C to 110 °C.

(1) Statement B is correct but Statement A is false

(2) Both Statement A and Statement B are correct

(3) Both Statement A and Statement B are false

(4) Statement A is correct but Statement B is false

70. Which one of the following places in India is most likely to be affected by cyclones?

(1) Puri

(2) Amritsar

(3) Udaipur

(4) Badrinath

71. The air near a heat source gets hot and rises. The air from the sides comes in to take its place. This is the way in which the air gets heated by oil heaters. What is this process called?

(1) Diffusion

(2) Conduction

(3) Convection

(4) Radiation

72. A book is lying at rest on the surface of a table. Which one of the following statements is true about the force(s) acting on it?

(1) Only frictional force is acting on it.

(2) There is no force acting on it.

**89.** Which one of the given choices is an **incorrect** description of school-based assessment?

(1) It covers only co-curricular aspects.

(2) It covers scholastic aspects.

(3) It covers non-scholastic aspects.

(4) It covers all aspects.

**90.** Consider the following two statements A and B on a teacher's role in transacting a Social Science topic and select the correct answer :

A. The teacher must ensure the dignity of all students and conduct discussions with sensitivity.

B. The teacher must focus upon facts with the boys and the feelings of the girls.

(1) Neither A nor B

(2) Only A

(3) Only B

(4) Both A and B

**87.** सामाजिक विज्ञान शिक्षण के लिए आप वृत्तांतों का प्रयोग क्यों करेंगे? दिए गए विकल्पों में से सबसे उचित कारण को चुनिए।

(1) पाठ्यक्रम की पूर्णता को सुनिश्चित कर सकें

(2) शिक्षार्थियों को संवेदनशील बना सकें जिससे वे उचित आदर्श का पता कर सकें

(3) कक्षा को मनोरंजक एवं सजीव बना सकें

(4) अवधारणाओं को सजीव वास्तविकताओं के साथ जोड़ सकें

**88.** राष्ट्रीय आधार समूह (2006) के अनुसार, सामाजिक विज्ञान का शिक्षण अपनी लोकप्रियता खो रहा है, क्योंकि

(1) यह मानवीय मूल्यों में अन्तर्विरोध की कई स्थितियाँ प्रस्तुत करता है

(2) यह अत्यधिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर बल देता है

(3) यह एक अनुपयोगी विषय के रूप में जाना जाता है

(4) यह कई विषयों के अध्ययन को प्रोत्साहित करता है

**89.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प विद्यालय-आधारित आकलन का **अनुपयुक्त** वर्णन है?

(1) यह केवल सहगामी पक्षों को सम्मिलित करता है।

(2) यह शैक्षिक पक्षों को सम्मिलित करता है।

(3) यह गैर-शैक्षिक पक्षों को सम्मिलित करता है।

(4) यह सभी पक्षों को सम्मिलित करता है।

**90.** एक शिक्षक का सामाजिक विज्ञान के विषय को संपादित करने की भूमिका पर निम्नलिखित A और B कथनों पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए :

A. शिक्षक सभी शिक्षार्थियों की गरिमा को अवश्य सुनिश्चित करें और संवेदनशीलता के साथ चर्चा को शुरू करें।

B. शिक्षक लड़कों के साथ तथ्यों और लड़कियों की भावनाओं पर अवश्य बल दें।

(1) न तो A और न ही B

(2) केवल A

(3) केवल B

(4) दोनों A और B



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

## PART—IV
## Language—I
## ENGLISH

**IMPORTANT** : Candidates should attempt questions from **Part—IV (Q. Nos. 91-120)**, if they have opted **ENGLISH** as **Language—I** only.

***Directions*** : Answer the following questions (Q. Nos. **91** to **105**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

**91.** Which one of the following is **not** true about the status of English language across the world?

(1) English as a heritage language

(2) English as a native language

(3) English as a foreign language

(4) English as a second language

**92.** The study of words and their meanings is known as

(1) linguistics

(2) semantics

(3) phonetics

(4) syntax

**93.** A good language textbook should include

(1) extracts from British and American literature

(2) more grammar exercises

(3) interesting stories

(4) attractive fonts, illustrations and learner-friendly texts

**94.** Structural approach lays stress on

(1) improving fluency

(2) developing accuracy

(3) developing linguistic competence

(4) selection and gradation of materials

**95.** Learning to read means

(1) reading aloud

(2) decoding letters of alphabet into sounds

(3) decoding the structure of a language

(4) decoding the meaning

**96.** The National Curriculum Framework, 2005 advocates that a language learner is a

(1) user of grammatical rules

(2) constructor of knowledge/language

(3) receiver of language

(4) producer of language

**97.** Contrastive pairing is used for teaching-learning of

(1) writing

(2) speaking

(3) pronunciation

(4) reading



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click

Know More

Scanned by CamScanner

98. Functional grammar refers to

(1) learning grammar in isolation

(2) learning grammar in a given context

(3) learning grammar by knowing the technicalities of language

(4) learning grammar through the rules of language

99. 'Role play' is an activity for promoting

(1) writing

(2) speaking and listening

(3) assessment

(4) listening

100. 'Brainstorming' technique is useful for

(1) improving students' spontaneous sensitivity

(2) developing learners' vocabulary

(3) overcoming the problems of spelling

(4) helping students in forming new sentences

101. Lata, an English language teacher of Class VII, divides the class into pairs to read a sequence of pictures and then describe it to each other. What is this activity pedagogically known as?

(1) Assignment

(2) Group work

(3) Teacher-facilitated reading

(4) Peer, interaction

102. Extensive reading is

(1) reading for information

(2) reading the text for pleasure

(3) reading to know the meaning of every word

(4) reading to extrapolate and critique

103. Pre-reading activity is meant for

(1) teaching the grammatical items given in the text

(2) connecting previous knowledge and taking the learner into the text

(3) connecting the whole class with one another

(4) giving information about the writer of the text

104. While teaching a prose text, which one of the following activities a teacher must undertake?

(1) Paraphrasing the text

(2) Transcription

(3) Creating a sub-text

(4) Consulting a dictionary

105. Which one of the following is **not** a language component?

(1) Sound system

(2) Manuscript

(3) Grammar

(4) Speech



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

***Directions*** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **106** to **114**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

When the sun had descended on the other side of the narrow strip of land, and a day of sunshine was followed by a night without twilight, the new lighthouse keeper was in his place evidently, for the lighthouse was casting its bright rays on the water as usual. The night was perfectly calm, silent, genuinely tropical, filled with a transparent haze, forming around the moon a great coloured rainbow with soft, unbroken edges; the sea was moving only because the tide raised it.

The keeper on the balcony seemed from below like a small black point. He tried to collect his thoughts and take in his new position; but his mind was under too much pressure to move with regularity. He felt somewhat as a hunted beast feels when at last it has found refuge from pursuit on some inaccessible rock or in a cave. Now on that rock he can simply laugh at his previous wanderings, his misfortunes and failures. He was in truth like a ship whose masts, ropes and sails had been broken and rent by a tempest, and might have been cast to the bottom of the sea, a ship on which the tempest had hurled waves and spat foam, but which still wound its way to the harbour. The pictures of that storm passed quickly through his mind as he compared it with the calm future now beginning. Part of his wonderful adventures he had related to Mr. Shyam when he was interviewed for the job of the keeper; he had not mentioned, however, thousands of other incidents. It had been his misfortune that as often as he pitched his tent and fixed his fireplace to settle down permanently, some wind tore out the stakes of his tent, whirled away the fire, and bore him on towards destruction.

Looking now from the balcony of the tower at the illuminated waves, he remembered everything through which he had passed. He had campaigned in the four parts of the world, and in wandering had tried almost every occupation.

**106.** The water around the lighthouse got lit up because

(1) the sun had set

(2) the lighthouse was casting its bright rays

(3) the night was in the twilight zone

(4) the keeper had started his job



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

107. _____ had made a rainbow around the moon.

(1) Rays from the lighthouse

(2) Tropical climate

(3) Rising sea tide

(4) Transparent haze

108. The lighthouse keeper's mind was free from pressure, because

(1) there were only 400 steps to the top

(2) he no longer felt like a hunted beast

(3) his job was quite easy

(4) there was regularity in his movements

109. The ship of his life was hit by a storm

(1) and it went down to the bottom of the sea

(2) yet it reached the harbour safely

(3) and it reached the port in a damaged condition

(4) yet it kept on sailing on the sea

110. "He was in truth like a ship."

The figure of speech used in the above sentence is

(1) a hyperbole

(2) a simile

(3) a metaphor

(4) personification

111. "... a day of sunshine was followed by a night ... ."

When the voice in the above sentence is changed, it becomes

(1) A night followed the sunny day.

(2) The night follows the sunny day.

(3) A night is followed by a day of sunshine.

(4) A night followed a day of sunshine.

112. The antonym of 'narrow' is

(1) wide

(2) broad

(3) deep

(4) steep

113. "The night was perfectly calm."

The word 'perfectly' is a/an

(1) adverb

(2) noun

(3) verb

(4) adjective

114. The word 'illuminated' means

(1) calm

(2) lighted up

(3) decorated

(4) tossed up



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

***Directions*** : Read the extract given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **115** to **120**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

Dark house, by which once more I stand
Here in the long unlovely street,
Doors, where my heart was used to beat
So quickly, waiting for a hand,
A hand that can be clasp'd no more—
Behold me, for I cannot sleep,
And like a guilty thing I creep (7)
At earliest morning to the door.
He is not here; but far away
The noise of life begins again,
And ghastly thro' the drizzling rain
On the bald street breaks the blank day. (12)

**115.** The speaker is standing in front of a/an

(1) graveyard

(2) open field

(3) dark road

(4) empty house

**116.** The poet is waiting for someone to hold his

(1) body

(2) hand

(3) arm

(4) heart

**117.** The poet is standing in the 'unlovely street'

(1) to get rid of his fear

(2) to overcome his loneliness

(3) to meet his friend

(4) to experience the drizzling rain

**118.** The phrase 'noise of life' signifies

(1) daily routine of life

(2) the sound of drizzling rain

(3) the poet's friend while talking

(4) nature's sympathy for the poet

**119.** The poetic device used in line 7 is

(1) a hyperbole

(2) onomatopoeia

(3) a metaphor

(4) a simile

**120.** In line 12, the poetic device used is

(1) a metaphor

(2) alliteration

(3) an irony

(4) a simile



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click Know More

Scanned by CamScanner

# भाग—IV

## भाषा—I

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी भाग—IV (प्र० सं० 91–120) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा—I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **91–105**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

**91.** बच्चे के स्कूल की भाषा और घर एवं पड़ोस की भाषा में _____ होना/होनी चाहिए।

(1) समरसता

(2) अलगाव

(3) जुड़ाव

(4) समरूपता

**92.** भाषा की पाठ्य-पुस्तक में एक पाठ एकांकी के रूप में है, आप

(1) एकांकी के मुख्य संवाद लिखवाएँगी

(2) हाव-भाव के साथ एकांकी पढ़कर सुनाएँगी

(3) एकांकी में आए पात्रों के संवाद याद करवाएँगी

(4) शिक्षार्थियों से एकांकी पढ़वाने के बाद उसका मंचन करवाएँगी

**93.** लिखना एवं पढ़ना सीखने के संदर्भ में कौन-सा कथन सबसे उपयुक्त है?

(1) दोनों कौशल एक-एक करके सीखे जाते हैं।

(2) लिखना और पढ़ना सीखना समान रूप से अंतःसंबंधित हैं।

(3) पढ़ना सीखने की तुलना में लिखना सीखना जटिल है।

(4) लिखना सीखने की तुलना में पढ़ना सीखना जटिल है।

**94.** द्वितीय भाषा सीखने के संदर्भ में सबसे कम महत्त्वपूर्ण है

(1) अभिवृत्ति

(2) शिक्षक का रवैया

(3) अभिभावक से प्राप्त प्रोत्साहन

(4) भाषा की परीक्षा

**95.** पद्य, गद्य और नाटक हमारी _____ संवेदना को धार प्रदान करने के साथ-साथ हमारे जीवन के _____ पहलू को समृद्ध करते हैं।

(1) सांस्कृतिक; साहित्यिक

(2) सांस्कृतिक; भौतिक

(3) भाषिक; सौंदर्यात्मक

(4) भाषिक; ज्ञानात्मक

**96.** कोई एक भाषा _____ लिपि/लिपियों में लिखी जा सकती है, हाँ, उसमें थोड़ा फेरबदल हो सकता है।

(1) सीमित

(2) एक

(3) तीन

(4) सभी



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**97.** वाणी और लेखन में मूल अंतर यह है कि लिखित भाषा _____ स्तर पर देखी जाती है और _____ होती है।

(1) अचेतन; कालबद्ध

(2) सचेतन; कालबद्ध

(3) चेतन; स्वाभाविक

(4) अचेतन; स्वाभाविक

**98.** भाषा-कक्षा में समावेशी वातावरण का निर्माण करने के लिए जरूरी है कि

(1) बच्चों के प्रति अति उदारवादी दृष्टिकोण रखा जाए

(2) बच्चों की विविध भाषाओं को पढ़ाया जाए

(3) बच्चों की सभी आवश्यकताओं को पूर्ण किया जाए

(4) बच्चों को विविध दृश्य-श्रव्य सामग्री उपलब्ध कराई जाए

**99.** उच्च प्राथमिक स्तर पर हिन्दी भाषा-शिक्षण का सर्वाधिक संबंध है

(1) सृजनात्मक लेखन की अनिवार्यता से

(2) हिन्दी की ध्वनियों को सिखाने से

(3) पढ़ी सामग्री के बारे में आलोचनात्मक चिंतन से

(4) हिन्दी की व्याकरणिक व्यवस्था को जानने से

**100.** भाषा नियमों द्वारा नियंत्रित _____ का माध्यम भर नहीं है, बल्कि यह हमारी सोच को भी निर्मित करती है।

(1) संप्रेषण

(2) कला

(3) सौंदर्यबोध

(4) संस्कृति

**101.** पूनम अपने विद्यार्थियों को पढ़ाते समय दृश्य-श्रव्य सामग्री का प्रयोग करती है। इसका प्रमुख कारण है कि वह कक्षा के

(1) सभी बच्चों की रुचि का ध्यान रखती है

(2) सभी बच्चों का मनोरंजन करती है

(3) सभी बच्चों की आवश्यकताओं को संबोधित करती है

(4) सभी बच्चों को नियंत्रण में रखती है

**102.** कक्षा आठ के बच्चों का सतत आकलन करने में सब अधिक महत्त्वपूर्ण है

(1) मौखिक परीक्षा

(2) व्याकरण की जानकारी

(3) लिखित परीक्षा

(4) भाषा-प्रयोग की क्षमता



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

103. "बच्चे की भाषा समाज के साथ संपर्क का ही परिणाम है।" यह विचार किसका है?

(1) स्किनर

(2) वाइगोत्स्की

(3) पियाजे

(4) चॉम्स्की

104. भाषा अर्जित करने की स्थिति में बच्चे

(1) अधिकतर त्रुटियाँ ही करते हैं

(2) भाषिक नियमों को स्वाभाविक रूप से ग्रहण करते हैं

(3) भाषिक नियमों को स्वाभाविक रूप से रटते हैं

(4) कभी कोई त्रुटि नहीं करते

105. रमेश सातवीं कक्षा में पढ़ता है। वह सामान्य बातचीत में ठीक है, लेकिन पढ़ते समय वह बार-बार अटकता है। वह संभवतः _____ से ग्रस्त है।

(1) डिस्लेक्सिया

(2) डिस्फेजिया

(3) डिस्कैल्कुलिया

(4) डिस्ग्राफिया

**निर्देश :** नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **106–114**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

कभी सोचा है भारत में कितने प्रकार के वाद्ययंत्र प्रचलित हैं? सोचने में शीघ्रता मत कीजिए। तमिलनाडु-केरल से कश्मीर तक, राजस्थान-गुजरात से नागालैंड-मणिपुर तक इस भारत नामक विशाल भूखंड में सैकड़ों प्रकार के वाद्ययंत्र परंपरा से प्रचलित रहे हैं। विशेषकर चमड़े से मढ़े वाद्ययंत्र तो सर्वाधिक हैं। बाँसुरी जैसे फूँककर बजाए जाने वाले, झाँझ जैसे झंकार वाले या फिर तार लगी तूँबी वाले भी कम नहीं। ये तार वाले भी कुछ गज से बजाए जाते हैं और कुछ छोटी-सी अँगूठी-जैसी मिज़राब से।

अब प्रश्न उठता है कि जिन्हें हम भारतीय वाद्ययंत्र कहते हैं क्या वे भारत में ही जन्मे हैं या कहीं और से आए हैं? कहना कठिन है। जब भी हम किसी वाद्ययंत्र को बजते देखते-सुनते हैं तो मन कहता है कि उसकी उत्पत्ति भारत में ही हुई होगी। लेकिन सत्य यह नहीं है। आज प्रचलित वाद्ययंत्रों में से अनेक बाहर से भी आए हैं। और यह भी सच है कि अनेक भारतीय वाद्ययंत्र यहाँ से अन्य देशों में प्रचलित हुए हैं। सभ्यता और संस्कृति का इतिहास जानने का एक माध्यम वाद्ययंत्र भी है। वेदों में उल्लिखित वाद्ययंत्रों के प्रमाण हड़प्पा सभ्यता में प्राप्त हुए हैं। वहीं सुदूर पूर्व इंडोनेशिया में प्राचीन भारतीय वाद्ययंत्र आज भी प्रयुक्त हो रहे हैं। हमारी वीणा मिस्री, सुमेरी, जापानी, चीनी संस्कृति में भी विद्यमान रही है।

106. जिन्हें हम भारतीय वाद्ययंत्र कहते हैं

(1) वे चीन और इंडोनेशिया के हैं

(2) वे भारत में ही जन्मे हैं

(3) वे कहीं और से आए हैं

(4) उनमें से कुछ भारत के और कुछ बाहर के हैं

107. कौन-सा भारतीय वाद्ययंत्र मिस्र, चीन, जापान, आदि की संस्कृति में भी विद्यमान है?

(1) वीणा

(2) बाँसुरी

(3) तबला

(4) झाँझ



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

**108.** कौन-सा कथन असत्य है?

(1) प्राचीन भारतीय वाद्ययंत्र इंडोनेशिया में भी प्रयुक्त होते हैं।

(2) भारत में अनेक प्रकार के वाद्ययंत्र प्रचलित हैं।

(3) तमिलनाडु और केरल के वाद्ययंत्र सबसे प्रसिद्ध हैं।

(4) कुछ वाद्ययंत्र 'गज' से बजाए जाते हैं।

**109.** गद्यांश के अनुसार, सभ्यता और संस्कृति का इतिहास जानने में सहायक है

(1) कलाकार

(2) प्राचीन यंत्र

(3) साहित्यिक ग्रंथ

(4) वाद्ययंत्र

**110.** 'भारतीय' शब्द व्याकरण की दृष्टि से है

(1) क्रिया

(2) संज्ञा

(3) सर्वनाम

(4) विशेषण

**111.** किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों हैं?

(1) विशाल

(2) प्रचलित

(3) भारतीय

(4) शीघ्रता

**112.** वेदों में चर्चित कुछ वाद्ययंत्रों के प्रमाण मिले हैं

(1) पुराणों में

(2) भारतीय सभ्यता में

(3) हड़प्पा सभ्यता में

(4) सुमेरी संस्कृति में

**113.** 'जन्म' शब्द का समानार्थी है

(1) विद्यमान

(2) प्रयुक्त

(3) उत्पत्ति

(4) उल्लेख

**114.** 'भूखंड' शब्द में समास है

(1) द्विगु

(2) तत्पुरुष

(3) कर्मधारय

(4) द्वंद्व



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

निर्देश : निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **115–120**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए।

न अवरोध कोई, न बाधा कहीं है
न संदेह कोई, न व्यवधान कोई
बहुत दूर से है दिशाएँ बुलातीं
नहीं पथ-डगर आज अनजान कोई
दिशाएँ निमंत्रण मुझे दे रही हैं, दिगंतर खुला सिर्फ मेरे लिए है।

नहीं कुछ यहाँ राह जो रोक पाए
न कोई यहाँ जो मुझे टोक पाए
अजानी हवा में उड़ा जा रहा हूँ
विजय गीत मेरा गगन मस्त गाए
हृदय में कहीं कह रहा बात कोई, धरा और गगन सिर्फ तेरे लिए है।

**115.** कवि को कोई कह रहा है कि

(1) लक्ष्य अभी बहुत दूर है

(2) अजानी हवा में उड़ो

(3) बाधाओं से दूर रहना चाहिए

(4) धरती और आसमान उसके लिए है

**116.** कविता में दो समानार्थी शब्द एक ही वाक्य में आए हैं। वह वाक्य कौन-सा है?

(1) न संदेह कोई, न व्यवधान कोई

(2) अजानी हवा में उड़ा जा रहा हूँ

(3) धरा और गगन सिर्फ तेरे लिए है

(4) न अवरोध कोई, न बाधा कहीं है

**117.** कवि को कौन निमंत्रण दे रहा है?

(1) गगन

(2) दिगंतर

(3) दिशाएँ

(4) हवा

**118.** अर्थ की दृष्टि से शेष से भिन्न शब्द छाँटिए।

(1) डगर

(2) राह

(3) धरा

(4) पथ

**119.** कवि का विजय गीत कौन गा रहा है?

(1) दिशाएँ

(2) हवा

(3) आकाश

(4) धरती

**120.** 'कोई' शब्द व्याकरण की दृष्टि से है

(1) अव्यय

(2) क्रिया

(3) सर्वनाम

(4) विशेषण



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

# PART—V
## Language—II
### ENGLISH

**IMPORTANT** : Candidates should attempt questions from **Part—V (Q. Nos. 121–150)**, if they have opted **ENGLISH** as **Language—II** only.

***Directions*** : Answer the following questions (Q. Nos. **121** to **135**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

**121.** A speech community refers to a group of people who

(1) share homogeneity with reference to their value system

(2) are multilingual

(3) are bilingual

(4) share community membership and linguistic communication

**122.** Activating learners' schema means

(1) dealing with learners having learning difficulties

(2) showing a picture and asking learners to write a story

(3) making a link between the topic and learners' background knowledge and experience

(4) making a link between the textbook and its structural patterns and grammatical items

**123.** As per Noam Chomsky's theory, the role of Language Acquisition Device (LAD) is to

(1) learn languages in formal schools

(2) imitate the language of adults

(3) generate grammar rules

(4) memorize grammar rules

**124.** Prediction in terms of reading refers to

(1) previewing

(2) using prior knowledge of the subject and the ideas in the text as clues to the meanings of unknown words

(3) using knowledge of subject matter for guessing the content and vocabulary

(4) paraphrasing

**125.** Diphthongs are also known as

(1) vowels with weak sounds

(2) glide vowels

(3) semi-vowels

(4) pure vowels

**126.** Yasmin, an English language teacher, gave her students group work to explore an area and asked them to find important notices and names of places and streets to document them to write a report.

This activity is known as

(1) peer work

(2) project work

(3) assignment

(4) activity-based learning

**127.** Mrudusmita, while teaching a lesson on atoms from the science textbook, gave her students activities based on the theme. The activities included vocabulary and debate on the uses of atomic energy. What is this strategy known as?

(1) Language of science

(2) Language through science

(3) Language across curriculum

(4) Language in other subjects



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click Know More

Scanned by CamScanner

128. While listening to a speech in English, sometimes we listen to basic unit of a sound, a syllable and a word, then a sentence and then a paragraph to decode the meaning of the complete speech. This mental process can be described as

(1) Interactive model

(2) Top-down approach

(3) Bottom-up approach

(4) Middle-path approach

129. In free writing, a learner is engaged in

(1) listing out the things she/he has just memorized

(2) writing with specific relation to spelling and grammar

(3) writing sentences without applying her/his mind

(4) expressing ideas without giving much attention to spelling and grammar

130. Susheela discussed a short story in the classroom and asked her students to write an article for a newspaper on the theme of the story. What is this writing known as?

(1) Writing for a newspaper

(2) Extrapolative writing

(3) Long answer

(4) Short essay

131. A question tag is also known as a

(1) critical question

(2) head question

(3) tail question

(4) descriptive question

132. Mind-mapping helps the students to

(1) learn passively each of the linguistic items

(2) memorize the grammar rules

(3) use literary devices more effectively in their writing

(4) brainstorm, explore any idea and expand it

133. Grammatical structures can be practised in a controlled manner by

(1) explaining the use of particular structures

(2) gap-filling grammar exercises

(3) correcting wrong sentences written by the learners

(4) doing composition exercises

134. Interactive listening means listening

(1) carefully to what is said and responding

(2) curiously to what is said

(3) carefully for word stress and intonation

(4) to judge the speaker's mood and tone

135. Continuous and Comprehensive Evaluation of learner is

(1) continuous tests and assignments

(2) conducting continuous tests

(3) periodic assessment of learning

(4) periodic assessment of teaching



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

***Directions*** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **136** to **143**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

Peoples' faces light up when I say I taste chocolate for a living, but it is not always delicious. I also have to taste defective chocolate, which might have a bitter or burnt flavour. I'm usually in a small room, not allowed to talk, and parked in front of a computer to log information. Sometimes the room has red lighting to disguise the appearance of the chocolate, so I can evaluate it only by taste, not appearance. I can sample as many as 30 chocolates per day, so as to keep my palate active, I spit the sweets back out. That's another not-so-glamorous part of the job. Between samples, I wait 30 seconds to let my senses rest, and I chew half an unsalted cracker biscuit and drink plain warm water, as carbonated water and ice numb one's senses.

First I smell the chocolate and log its aroma. I also listen : if chocolate doesn't sound crisp when broken, it may be a sign it's old or was improperly stored. Then I place one inch bit in my mouth and leave it there for a few seconds, I press it against my palate and let it melt, recording the four basic tastes—sweet, sour, bitter and salty. Then I blow out short puffs of air through my nose. Certain sense receptors in the back of our head are stimulated by oxygen. They allow us to smell food when we chew. Exhaling sharply can bring out aromas like berry, mushroom, tea, citrus, beeswax, toast, cinnamon, and savoury spices that are sometimes too subtle for the nose to catch. I log these attributes, too, along with the texture.

**136.** People get surprised when the narrator tells them that he

(1) is a chocolate taster

(2) has to work under red light

(3) has to eat bitter chocolate

(4) has to work in a small room

**137.** There is no glamour in his job as

(1) he has to blow out short puffs

(2) he keeps on spitting out chocolate

(3) his place of work is narrow

(4) he never ate burnt chocolate

**138.** The narrator cannot eat and enjoy the chocolate

(1) as it has not been stored properly

(2) as it is defective

(3) to keep his palate active

(4) as it has a burnt flavour

**139.** The process of chocolate tasting runs in the order of —— and again smelling.

(1) breaking, smelling, listening, melting

(2) breaking, listening, smelling, melting

(3) smelling, breaking, listening, melting

(4) melting, listening, breaking, smelling



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

140. "Leave it there."

When the above sentence is changed into passive voice, it becomes

(1) Let it was left there.

(2) It is left there.

(3) It was left there.

(4) Let it be left there.

141. "Peoples' faces light up ... ."

The word 'light' here is a/an

(1) adverb

(2) noun

(3) verb

(4) adjective

142. The word 'parked' (Para 1) means

(1) ran

(2) managed

(3) operated

(4) seated

143. The word 'log' (Para 2) means

(1) taste

(2) record

(3) cut

(4) enjoy

***Directions*** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **144** to **150**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

**The Kittur Fort**

One can see today only the dilapidated walls and ruins of the great fort which was once known for its strength. The most important landmark as one goes towards the fort is the 'Bahadurgad'. Situated to the southwest of the fort and outside of it, on a natural hillock, the highest in the plain, the 'Bahadurgad', which was the watchtower, provides a most panoramic and commanding view of the sparsely wooded surrounding region of green grassland, fading, as if gradually, into soft contoured hills in the west and the horizons on the other sides. To the north of the tower is 'Ranagattikere' where Rani Chennamma fought her last stubborn fight against the British, with almost savage determination.

The actual fort, circular in plan, consisted of double walls, separated by moats on the outer sides, with semi-circular bastions on the exterior of the outer wall. It had originally the main gateway on the east, approached by the causeway across the outer moat known as *ane honda* which was used for bathing the elephants.

The entrances through the walls are deliberately not aligned, evidently in the interests of security. After passing by the winding path through the walls, one is led to the front side of the imposing main entrance of the palace located near the northern arc of the inner fort wall.

To the south of the palace, inside the fort, are the ruins of horse-stables and foundations of residential buildings, probably meant for the



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click Know More

Scanned by CamScanner

important officials of the palace. To the southwest is the heavily built watchtower relieved by a series of parallel buttresses at regular intervals.

**144.** Which one of the following statements is true ?

(1) Rani Chennamma ruled Kittur from here.

(2) Bahadurgad is situated inside the Kittur Fort.

(3) From it, one can enjoy a view of the hills in the east.

(4) It was used as a watchtower.

**145.** Rani Chennamma fought against the British

(1) in Bahadurgad Fort

(2) in the wooded grasslands

(3) in the contoured hills

(4) at Ranagattikere

**146.** From Bahadurgad, one could easily get

(1) to see a natural hillock

(2) a commanding view of a dense forest

(3) to see tall rugged hills in the west

(4) a look at green grasslands

**147.** Unaligned gates in the walls

(1) make the walls look imposing

(2) make the entry easy

(3) make the fort secure

(4) make the fort insecure

**148.** "... as one goes towards ... ."

'one' in the above clause is a/an

(1) adjective

(2) noun

(3) verb

(4) pronoun

**149.** "... and commanding view of ... ."

'commanding' in the above phrase is a/an

(1) adverb

(2) noun

(3) verb

(4) adjective

**150.** The word 'landmark' means the same as

(1) plain

(2) marker

(3) adventure

(4) hill



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

# भाग—V

## भाषा—II

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग—V (प्र० सं० 121-150)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा—II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **121-135**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

**121.** भाषा-शिक्षण पर हुए शोध बताते हैं कि द्वितीय/विदेशी भाषा में दक्षता सीखने वाले की _____ और _____ पर ही ज्यादा निर्भर करती है।

(1) अभिवृत्ति; अभिप्रेरणा

(2) अभिवृत्ति; परिवार

(3) संस्कृति; वर्ग

(4) अभिप्रेरणा; उपलब्धि

**122.** यदि भाषाओं को विज्ञान के दृष्टिकोण से देखें, तो भाषाओं के बीच मूलतः

(1) गहरा संबंध होता है

(2) बहुत अंतर होता है

(3) कोई अंतर नहीं होता

(4) थोड़ा अंतर होता है

**123.** एक तरफ भाषा हमारी _____ को व्यवस्थित करती है, तो दूसरी तरफ यह हमें _____ भी करती है और हमें ज्ञान और कल्पना की अनखोजी दुनिया में ले जाती है।

(1) जानकारी; मुक्त

(2) विचार-प्रक्रिया; मुक्त

(3) संस्कृति; नियंत्रित

(4) विचार-प्रक्रिया; सुसंस्कृत

**124.** 'अंतःवाक्' की संकल्पना का संबंध किससे है?

(1) स्किनर

(2) चॉम्स्की

(3) वाइगोत्स्की

(4) पियाजे

**125.** पियाजे के अनुसार, भाषा अन्य संज्ञानात्मक तंत्रों की भाँति परिवेश के साथ _____ के माध्यम से ही विकसित होती है।

(1) अलगाव

(2) टकराव

(3) अंतःक्रिया

(4) सामंजस्य

**126.** व्याकरण-शिक्षण की वह पद्धति अपेक्षाकृत अधिक उचित है, जिसमें

(1) बच्चे नियमों से उदाहरणों की ओर जाते हैं

(2) बच्चे सूत्रों का प्रयोग करते हैं

(3) बच्चे नियमों को कंठस्थ कर लेते हैं

(4) बच्चे उदाहरणों से नियमों की ओर जाते हैं



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**127.** उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में ______ की उपेक्षा बिलकुल **नहीं** की जा सकती।

(1) बच्चों की सामाजिक श्रेणी

(2) बच्चों के पाठ्य-पुस्तकीय ज्ञान

(3) शिक्षक के शास्त्रीय ज्ञान

(4) बच्चों की भाषिक पृष्ठभूमि

**128.** मोना अकसर लिखते समय शब्दों के अक्षरों को छोड़ देती है, जैसे—'पढ़ती' को 'पती', 'अभिनव' को 'अनव' लिखना। इसका सबसे अधिक कारण हो सकता है कि

(1) उसके विचारों में स्पष्टता न हो

(2) उसे मात्राओं का ज्ञान न हो

(3) उसे लिखना रुचिकर नहीं लगता हो

(4) उसके विचार और लिखने की गति में सामंजस्य न हो

**129.** रूपा बड़े समूह के सामने अपनी बात कहते समय अटकती है। एक शिक्षक के रूप में आप उसकी सहायता कैसे करेंगे?

(1) उसमें बलपूर्वक आत्मविश्वास उत्पन्न करेंगे

(2) उसे हमेशा बड़े समूह के सामने बोलने के लिए कहेंगे

(3) प्रारंभ में छोटे-छोटे समूहों में बात करने के भरपूर अवसर देंगे

(4) उसे बार-बार समझाएँगे कि बड़े समूह में किस तरह बोला जाता है

**130.** अपनी कक्षा में समावेशी माहौल का निर्माण करने के लिए आप किस बात को सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण मानते हैं?

(1) सभी बच्चों से सभी भाषिक प्रकार्यों को समान रूप से संपादित करवाना

(2) विभिन्न प्रकार के दृश्य-श्रव्य संसाधनों का आवश्यकतानुसार उचित प्रयोग

(3) विभिन्न प्रकार के दृश्य-श्रव्य संसाधनों का सैद्व अनिवार्य प्रयोग

(4) स्वयं के बोलने की गति को बहुत धीमा रखना

**131.** आठवीं कक्षा के बच्चों के भाषा आकलन के लिए आप किसे सबसे **कम** महत्त्वपूर्ण मानते हैं?

(1) लिखित परीक्षाओं का आयोजन करना

(2) किसी विषय पर अपने विचार प्रकट करना

(3) किसी कहानी को नाटक में रूपांतरित करना

(4) साहित्यिक समारोहों का आयोजन करना

**132.** सतीश सातवीं कक्षा का विद्यार्थी है। वह निबंध लिखते समय कुंजी या गाइड से रटी हुई भाषा का प्रयोग करता है। इसके कारणों में सबसे कमज़ोर कारण हो सकता है

(1) सृजनात्मक लेखन की शिक्षण पद्धति उचित नहीं है

(2) उसकी मौखिक भाषा बेहद कमज़ोर है

(3) उसकी लिखित भाषा पर पकड़ नहीं है

(4) उसमें विचार करने का सामर्थ्य नहीं है



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

133. उच्च प्राथमिक स्तर पर हिन्दी भाषा शिक्षण का एक सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है

(1) बच्चों को पाठों के अंत में दिए गए उदाहरणों का अभ्यास करवाना

(2) बच्चों में समझ के साथ पढ़ने और लिखने की क्षमता का विकास करना

(3) बच्चों में कहानियों को शब्दशः दोहराने की क्षमता का विकास करना

(4) बच्चों को व्याकरण के नियमों को कंठस्थ करवाना

134. भाषा सीखने में सबसे बड़ा बाधक तत्त्व हो सकता है

(1) भाषा में आकलन

(2) पाठ्य-पुस्तक

(3) भाषायी प्रयोग के अवसर

(4) इकाई परीक्षण

135. पोर्टफोलियो

(1) बच्चों के अभिभावकों को पूर्ण जानकारी देता है

(2) बच्चों के आकलन का सबसे सरल तरीका है

(3) बच्चों की क्रमिक प्रगति की जानकारी देता है

(4) बच्चों की हर प्रकार की प्रगति का पूर्ण लेखा-जोखा है

**निर्देश :** नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं॰ **136–143**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

चेन्नई में आई बाढ़ अब उतार पर है। इस त्रासदी से निबटने में इस शहर ने जिस साहस का परिचय दिया, जिस तरह से सोशल मीडिया ने एक बार फिर बचाव के काम में अहम किरदार निभाया, बल्कि कुछ मामलों में तो जान बचाने में भी उसकी भूमिका रही, इसे देखते हुए उसकी जितनी तारीफ की जाए, वह कम है। इन तमाम अच्छी बातों के बावजूद इस वास्तविकता को भी नहीं झुठलाया जा सकता कि इस त्रासदी से बचा जा सकता था। चेन्नई में आई बाढ़ की असली वजह थी अडयार नदी-बेसिन का नए हवाई अड्डे के लिए अतिक्रमण। ठीक उसी तरह, जैसे दूसरे नदी विस्तारों का आवासीय निर्माण के लिए इस्तेमाल कर लिया गया है। नदी के कुदरती रास्तों को अवरुद्ध किए जाने से इसका जल आसपास के इलाकों में उमड़ गया। जब तक प्रकृति अपना क्रोध नहीं दिखाती, हमारे योजनाकार हर जोखिम को नज़रअंदाज़ करते रहते हैं और उस चीज की तलाश में रहते हैं, जिसे वे ले सकते हैं। हमने इसी तरह का विध्वंसक सैलाब मुंबई में भी देखा। कुछ ही समय पहले श्रीनगर में भी ऐसी ही बरबादी देखी। हर जगह मुख्य वजह मिली—अनियोजित शहरीकरण और बुनियादी नियमों की अनदेखी। फिर भी हर बार त्रासदी की गंभीरता लोगों की यादों में धुंधली पड़ जाती है। चेन्नई की तरह दिल्ली में भी ऐसे सैलाब की संभावना है। इसलिए हमें यमुना नदी के बेसिन से छेड़छाड़ करने की 'बुद्धिमानी' से बचना होगा।

136. 'बाढ़ अब उतार पर है' का अर्थ है

(1) बाढ़ नियंत्रित है

(2) बाढ़ घट रही है

(3) बाढ़ उतर गई है

(4) बाढ़ फैल रही है

137. चेन्नई की बाढ़ का कारण था

(1) हवाई अड्डे के लिए नदी मार्ग से छेड़छाड़

(2) सरकार की लापरवाही बढ़ना

(3) आवासीय निर्माण करना

(4) मौसम विभाग की शिथिलता होना



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

**138.** किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों हैं?

(1) बुद्धिमानी

(2) बचाव

(3) आवासीय

(4) बरबादी

**139.** गद्यांश में 'बाढ़' के लिए एक समानार्थी का प्रयोग हुआ है, वह है

(1) त्रासदी

(2) अवरुद्ध

(3) जोखिम

(4) सैलाब

**140.** हमारे योजनाकार तब तक लापरवाह रहते हैं, जब तक

(1) सरकार दबाव न बनाए

(2) समस्या हल न हो जाए

(3) प्रकृति अपना क्रोध न दिखाए

(4) जनता जागरूक न हो जाए

**141.** मुंबई, श्रीनगर जैसे स्थानों में बाढ़ से हुई बरबादी के पीछे कारण था

(1) त्रासदी की गंभीरता

(2) शहरों का विस्तार

(3) प्रकृति का असहयोग

(4) अनियोजित शहरीकरण

**142.** 'गंभीरता' शब्द व्याकरण की दृष्टि से है

(1) क्रिया

(2) संज्ञा

(3) सर्वनाम

(4) विशेषण

**143.** ''अपनी 'बुद्धिमानी' का परिचय देते हुए''—यहाँ 'बुद्धिमानी' से लेखक का मंतव्य है

(1) अक्लमंदी

(2) मूर्खता

(3) समझदारी

(4) विद्वत्ता



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

**निर्देश :** नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **144–150**) के **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए।

आपको किसी महत्त्वपूर्ण परीक्षा की तैयारी में क्या कठिनाई हो रही है? क्या ऐसा करने में समय की कमी महसूस हो रही है? अगर आपका जवाब 'हाँ' है, तो आपको समय प्रबंधन सीखने की ज़रूरत है। समय प्रबंधन किसी भी परीक्षा की तैयारी का सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू है। बहुत से परीक्षार्थी ऐसे हैं, जो परीक्षाओं की तैयारी देर से और बेतरतीब ढंग से शुरू करते हैं, जिससे उन्हें समयाभाव सबसे बड़े शत्रु की तरह दिखने लगता है। बिना समय प्रबंधन के उस अनुपात में फायदा नहीं हो पाता, जिस अनुपात में आप मेहनत करते हैं। वास्तव में समय की गति को या उसके स्वभाव को मैनेज नहीं किया जा सकता, क्योंकि न तो इसे धीमा किया जा सकता है और न ही रोका जा सकता है। आप स्वयं को मैनेज करते हुए सिर्फ इसका सही उपयोग कर सकते हैं। वास्तविकता यही है।

सबसे पहले आप यह निर्धारित करें कि आपका वर्तमान समय कैसे व्यतीत हो रहा है। आप पिछले एक सप्ताह के अपने कार्यकलाप को एक पेपर पर लिखकर देखिए कि आपने टाइमटेबल का कितना और कैसा अनुसरण किया है। पूरे सप्ताह में कितने घंटे सेल्फ-स्टडी की है और आपका निर्धारित सिलेबस का कितना हिस्सा नहीं हो पाया है। एक बार पूरा विश्लेषण करने के बाद आप स्वयं को समय के हिसाब से बदलना शुरू कर सकते हैं। समय बचाने के लिए किसी विशेषज्ञ की टिप्स काम आ सकती है परंतु सबसे अधिक प्रभाव आपके निश्चय, समर्पण और समय नियोजन का रहेगा। समय प्रबंधन आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा और यह सफलता की दिशा में निर्णायक होगा।

**144.** समय प्रबंधन सीखने की ज़रूरत कब है?

(1) जब अवसर खो देने की संभावना हो

(2) जब कोई परीक्षा देनी हो

(3) जब अच्छा व्यवसाय चुनना हो

(4) जब कुछ करने के लिए समय कम पड़े

**145.** समय के बारे में सच है कि उसे

(1) रोका जा सकता है

(2) धीमा किया जा सकता है

(3) लौटाया जा सकता है

(4) मैनेज नहीं किया जा सकता है

**146.** समय का अभाव उन्हें शत्रु जैसा लगता है, जो

(1) परीक्षाओं को महत्त्वपूर्ण नहीं मानते

(2) परीक्षाओं की तैयारी गंभीरता से करते हैं

(3) परीक्षाओं की तैयारी बेतरतीब ढंग से करते हैं

(4) परीक्षाओं की तैयारी करना ही नहीं चाहते

**147.** 'सेल्फ-स्टडी' शब्द है

(1) देशज

(2) तत्सम

(3) तद्भव

(4) आगत

**148.** समय प्रबंधन से बढ़ सकता/सकती है

(1) दृढ़ निश्चय

(2) विशेषज्ञता

(3) आत्मविश्वास

(4) स्वाभिमान

**149.** 'महत्वपूर्ण' पद का समास-विग्रह होगा

(1) महत्व से पूर्ण

(2) महत्व और पूर्ण

(3) महत्व में पूर्ण

(4) महत्व के लिए पूर्ण

**150.** 'टाइम मैनेजमेंट' के लिए उपयुक्त शब्द है

(1) समय निर्धारण

(2) समय नियोजन

(3) समयाभाव

(4) समय प्रबंधन

★★★

[ P.T.O.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

SPACE FOR ROUGH WORK

रफ़ कार्य के लिए जगह



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

SPACE FOR ROUGH WORK

रफ़ कार्य के लिए जगह

[ P.T.O.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

SEAL

## निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर-पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह काले/नीले बॉलपॉइंट पेन से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर-पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी।
5. परीक्षा पुस्तिका/उत्तर-पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाजिरी-पत्र में लिखें।
6. OMR उत्तर-पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी। इसलिए, कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए। इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर-पत्र दिए बिना एवं हाजिरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाजिरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर-पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का निशान हाजिरी-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
14. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर-पत्र का कोई भाग अलग न करें।
15. परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल/कक्ष छोड़ने से पूर्व उत्तर-पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। ***परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***

## READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Black/Blue Ballpoint Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the Examination Hall/Room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the Examination Halls/Rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against them including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his/her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Board with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Board.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Hall/Room. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

Scanned by CamScanner

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in